
क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए
में
डॉ सेफ्टी



# क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए में

# डॉ सेफ्टी

**क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए?**

**ISBN: 978-65-87107-65-3**

**संपादकीय बोर्ड:** लैस जुंकेइरा, क्रिस्टीआने तवारेस, टियागो डलसिन, हेलेन हैस्केल, हुसैन जाफरी, रेजिना कामोगा।

**चित्रांकन:** पेड्रो डी लूना

**एल्सेवियर फाउंडेशन:** यलान स्केम, डोमिज़ियाना फ्रांसेस्कॉन और महा रान्नम

**प्रोजेक्ट मैनेजर:** लैस जुंकेइरा

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया संपर्क करें:

एल्सेवियर फाउंडेशन
https://elsevierfoundation.org/
और
वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस
https://www.worldpatientsalliance.org/

चित्रकार से संपर्क करने के लिए कृपया लिखें:

Ilustrecomunicacao@gmail.com

क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए? © 2024 एल्सेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस द्वारा प्रकाशित है और यह CC BY-NC-ND 4.0 लाइसेंस के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है।
इस लाइसेंस की एक प्रति देखने के लिए कृपया जाएँ:
https://creativecommons.org/licenses/-by-nc-nd/4.0/

एल्जेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस ने मिलकर रोगी की सुरक्षा को समर्पित बच्चों की एक प्रेरणादायक पुस्तक श्रृंखला शुरू की है।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को रोगी के सुरक्षा की बुनियादी अवधारणाओं और सिद्धांतों से परिचित कराकर उनकी स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देना है।

युवा पाठकों को शिक्षित करके, श्रृंखला एक ऐसी पीढ़ी को विकसित करने की आकांक्षा रखती है जो सुरक्षित देखभाल को महत्व देती है और उसका अभ्यास करती है।

इसके अलावा, जब बच्चे अपने नए ज्ञान को अपने परिवारों के साथ साझा करते हैं, तो इस पहल से समुदायों पर एक स्थायी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में रोगी की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का सामर्थ्य मिलेगा।

वसंत का दिन था और स्कूल से आने के बाद पार्क में  बच्चे  खेल रहे थे ।

अली और अहमद झूले का मजा ले रहे थे।





अचानक, अली की हंसी बंद हो गई और वह कराह उठा:-

अहमद, मेरे पेट में अजीब सा दर्द हो रहा है।

अहमद तुरंत अपने दोस्त की मदद के लिए कुछ लेने घर की ओर भागा।

अपनी माँ की दवाई की अलमारी में उसे कुछ दवाइयाँ मिलीं जो उसकी माँ ने एक बार उसे दी थीं और वह पार्क में अली के पास वापस भागा ।



अली, यह दवा ले लो! इससे मुझे एक बार
राहत मिली थी , इससे तुम्हें भी मदद मिलेगी!

उसी समय, अचानक वे हरे रंग की चमकदार
रोशनी से चौंक गए।





अली, रुको, वह दवा मत लो!

आप कौन हैं??

मैं डॉक्टर सेफ्टी हूँ और मैं तुम्हारी मदद करने के लिए आयी हूँ।
अहमद इस दवा से ठीक हो गया, इसका यह मतलब नहीं है कि तुम भी ठीक हो जाओगे।



पेट दर्द कई कारणों से हो सकता है।
इसलिए आपको किसी ऐसे वयस्क व्यक्ति या डॉक्टर से मदद लेनी चाहिए जिस पर आप भरोसा करते हों।
वे आपको सही दवा दे सकते हैं और बता सकते हैं कि आपको कितनी मात्रा में दवा लेनी है।



अच्छा सवाल! जिस तरह हम सभी अलग-अलग हैं, उसी तरह हमारे शरीर भी दवाओं के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ लोगों को कुछ दवाओं से एलर्जी होती है।

इसका मतलब है कि उनका शरीर इन दवाओं के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया नहीं करते हैं।

और अलग-अलग लोगों के लिए दवा की खुराक अलग-अलग होती है।



मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे कब दवा लेनी है?



आओ कुछ उदाहरण
देखते हैं :




जब डॉक्टर कहते हैं कि “दवा दिन में दो बार लें”, तो इसका मतलब है कि आपको इसे लगभग 12 घंटे के अंतराल पर लेना चाहिए ।









इसके बाद, जब डॉक्टर कहते हैं कि “दवा दिन में तीन बार लें,” तो इसका मतलब है कि आपको इसे लगभग 8 घंटे के अंतराल पर लेना चाहिए ।



इसके अलावा, भोजन की तरह दवाइयां भी कुछ समय बाद खराब हो सकती हैं। इसलिए, हमेशा समाप्ति तिथि की जांच करें। अगर तिथि आज से पुरानी है, तो आपको इसे नहीं लेना चाहिए ।




उसी पल , अहमद यह देखकर घबरा गया कि उसने अली को जो दवा दी थी, उसकी अवधि समाप्त हो चुकी थी ।

डॉक्टर सुरक्षा जारी:

हमें दवाइयां आपस में साझा(शेयर) नहीं करनी चाहिए और बच्चों को खुद से दवाइयां नहीं लेनी चाहिए। इसलिए घर में दवाइयों को सुरक्षित जगह पर रखना चाहिए ।



अली ने थोड़ा डरते हुए पूछा:–

लेकिन मुझे क्या करना चाहिए? मेरे पेट में अभी भी दर्द हो रहा है!

अहमद ने तुरंत कहा:–

मैं देख रहा हूँ कि मेरी माँ अब काम से वापस आ रही है, डॉक्टर सेफ्टी। मैं अली के साथ उनसे मदद माँगने जा रहा हूँ!



अहमद ने कहा:-

धन्यवाद डॉक्टर सेफ्टी! मैं अपनी माँ को यह पुरानी दवा फेंक देने के लिए कहूंगा, और अब से मैं दोस्तों को सिर्फ़ पानी ही दिया करूंगा।

रुको! एक और चीज़ है!




अचानक दोनों लड़कों के चारों ओर एक हल्का चमकदार रंग छा गया । जब उन्होंने देखा, तो वे हरे पन्ने के चमकदार सोने के बैच पहने हुए थे, ठीक वैसा ही पन्ना जैसा डॉक्टर सेफ्टी ने पहना हुआ था।



अब आप दोनों दवा सुरक्षा के चैंपियन हैं! ये 'सुरक्षित दवा बैच' लें और दूसरों को दवा की सुरक्षा के बारे में सिखाएँ। सुरक्षित रहें!



अहमद की माँ की मदद से अली को वह दवा मिल गई जिससे वह ठीक हो सकता है ।
अली और अहमद की तरह सुरक्षा चैंपियन बनें
हमेशा अपनी दवाओं की समाप्ति तिथि जांचें, डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएँ लें और कोई भी दवा लेते समय किसी वयस्क से मदद लें!
आइए ऐसा करे!





एक शांत वसंत सुबह, जब अहमद और अली दोस्ताना समय बिता रहे थे, अचानक अली के पेट में दर्द हो जाता है। अहमद मदद करना चाहता है और अपने घर से कुछ दवाई देने की पेशकश करता है।
क्या यह सबसे अच्छा विचार है?

डॉक्टर सेफ़्टी को तुरंत कार्रवाई करनी होगी क्योंकि हमें कभी भी दवाई साझा नहीं करनी चाहिए।

**क्या तुम्हें कभी पेट में दर्द हुआ है?**



World Patients Alliance
THE ELSEVIER FOUNDATION
Translated By
NATIONAL THALASSEMIA WELFARE SOCIETY